## एक नजर में

### थाने की बाउंड्री के पास लगी आग

**भोपाल.** कोतवाली थाने की बाउंड्री के पास बुधवार को अचानक आग लगने की घटना सामने आई. बाउंड्री के पास ट्रांसफार्मर में आग लगने से आस-पास हड़कंप मच गया. भीड़भाड़ वाले रोड पर लगी आग के कारण अफरा-तफरी का माहौल बन गया. मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी. आग तेजी से फैलने की आशंका के चलते आसपास के लोगों को सतर्क किया गया. दमकल की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया.

### चैती चांद और रामनवमी पर मांस विक्रय पर प्रतिबंध

**भोपाल.** नगर निगम ने बुधवार को मांस विक्रम पर प्रतिबंध करने के आदेश जारी किए हैं. यह आदेश चैती चांद के अवसर पर शुक्रवार, 20 मार्च, शुक्रवार, 27 मार्च को रामनवमी, मंगलवार, 31 मार्च महावीर जयंती तथा शुक्रवार 1 मई को बुद्ध जयंती के अवसर पर भोपाल नगर निगम सीमा केसभी मांस विक्रय की दुकाने बंद रहेंगी. इन दिनों में अगर कोई भी मांस बेचते हुए पाया गया, तो उसका लायसेंस निरस्त कर पुलिस कार्रवाई की जाएगी.

### 17 हजार प्रकरणों में प्रदान की 11 करोड़ की छूट


**भोपाल.** गत शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल एवं ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों में विद्युत संबंधी 17 हजार 257 प्रकरणों का निराकरण करते हुए, विद्युत उपभोक्ताओं को 11 करोड़ 44 लाख, 94 हजार रूपए की छूट प्रदान करते हुए, कुल 21 करोड़ 11 लाख 19 हज़ार रूपये का राजस्व कंपनी के खाते में जमा कराया गया है. लोक अदालत में नियमानुसार भोपाल क्षेत्र के अंतर्गत लिटिगेशन एवं प्रिलिटिगेशन के कुल 9 हजार 615 मामलों में 17 करोड़ 91 लाख 96 हजार की मांग के एवज में 6 करोड़ 49 लाख, 33 हजार रूपये की छूट प्रदान करते हुए 11 करोड़ 42 लाख 62 हजार की राशि कंपनी के खाते में जमा कराई गई है.

### उपभोक्ताओं ने लिया सरचार्ज में छूट का लाभ

**भोपाल.** समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय चरण की अवधि अब 31 मार्च कर दी गई है. पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई योजना में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लिया है. कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार योजना के द्वितीय चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं. मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 में अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 6 लाख 78 हजार 392 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है.

# ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की चल रही मनमानी

## बोर्ड ऑफिस चौराहे पर राहगीरों को हो रही परेशानी



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 18 मार्च. प्रगति चौराहे की तरफ जाने वाले मार्ग पर ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की बोर्ड ऑफिस चौराहे पर मनमानी हर रोज चल रही है.**

इसी मार्ग के टर्निंग प्वॉइंट पर भी यह चालक अपने वाहनों के साथ खड़े होते हैं, जिससे आवागमन करने वाले अन्य वाहन चालकों और राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. इस प्वाइंट पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी भी नदारद होते हैं, जिससे ऑटो और ई-रिक्शा चालक अपनी मनमानी करते नजर आते हैं. रानी कमलापति और मिसरोद की तरफ जाने वाली मिनी बसें भी इस प्वॉइंट पर सवारियां भरने और उतारने के लिए रुकती है.

इसके चलते इस स्थान पर जहां आवागमन में समस्या हर रोज बन रही है, वहीं हादसे की आशंका भी बनी रहती है. बोर्ड ऑफिस चौराहे पर ऑटो स्टैंड के लिए बना यह प्वॉइंट सड़क पर चलने वाले राहगीरों के लिए मुसीबत बना है. चौराहे पर ऑटो और ई-रिक्शा चालक सवारियां भरने के लिए सड़कों पर आए दिन जाम की स्थिति पैदा कर रहे हैं. खास तौर पर शाम के समय सवारी भरने वाले यह छोटे वाहन आधी से ज्यादा सड़कों पर कब्जा बनाकर रखते हैं. इससे जहां सड़क दुर्घटनाएं होने की आशंका बढ़ जाती है. वहीं ट्रैफिक जाम की समस्या हर रोज पैदा हो रही है. इसी मार्ग के टर्निंग प्वॉइंट पर यह वाहन चालक कतार से अपने वाहनों को खड़े रखते हुए सवारियां भरने की होड़ में नजर आते हैं. देर शाम को पीक ऑवर्स में लोग निकलते हैं, तो उन्हें लंबे जाम की समस्या का सामना हर रोज करना पड़ रहा है. नवभारत इस समस्या को लगातार प्रमुखता से उठाता आ रहा है.

> चौराहे के इस प्वॉइंट से कोलार, 12 नंबर, न्यूमार्केट, माता मंदिर, बिट्ठल मार्केट जाने वाले सवारी ऑटो चालक सवारियां भरने के लिए मेन सड़क पर अपने वाहनों को देर तक खड़े रखते हुए ओवरलोडिंग करते नजर आते हैं. ट्रैफिक पुलिसकर्मी के मौके पर नहीं होने के चलते इन सवारी वाहनों के चालकों के हौंसले भी बढ़े हैं और वह अपने मनमुताबिक जाम के हालात पैदा करते हैं.

# कई यूनिवर्सिटी और अस्पताल को उड़ाने की मिली धमकी

▸ मौके पर पहुंची टीम ने की तलाशी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 18 मार्च. राजधानी में एक ही दिन में कई यूनिवर्सिटी और अस्पताल को उड़ाने की धमकी मिली. बुधवार को इन स्थानों पर बम होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तलाशी ली, हालांकि इसमें बम या विस्फोटक जैसी कोई सामग्री नहीं मिली.**

एलएनसीटी, जेके मेडिकल यूनिवर्सिटी, एलएन मेडिकल कॉलेज, जेके हॉस्पिटल, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय और अरेरा हिल्स में वाणिज्यिक कर के ऑफिस को भी उड़ाने की धमकी का मामला सामने आया है. दहशतगरों ने धमकी भरा ई-मेल भेजकर शहर में दहशत फैलान की कोशिश की. मौके पर स्थानीय थानों की पुलिस पहुंची और बारीकी से जांच की. हालांकि सुरक्षाबलों को किसी भी स्थान पर बम नहीं मिला. ई-मेल में बम ब्लास्ट होने का समय भी दिया गया था. भोपाल में लगातार पिछले कई दिनों से अलग-अलग स्थानों पर बम होने की सूचना ई-मेल के माध्यम से सामने आ रही है.

# सिलेंडर न मिलने की शिकायतों में कमी

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 18 मार्च. राजधानी में बुधवार को एजेंसियों पर गैस सिलेंडर वितरण पर कोई भीड़ नजर नहीं आई.**

इस का प्रमुख कारण है कि सिलेंडरों की कालाबाजारी पर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह और एडीएम सुमित कुमार पाण्डे के निर्देशन में विभिन्न विभागों की गठित 23 सदस्यीय अधिकारियों की टीम भी जांच में जुटी हुई है.

जिला खाद्य अधिकारी चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि गैस सिलेंडरों की सप्लाई व्यवस्था पटरी पर लौटने लगी है. बीते दो दिन में 80 प्रतिशत शिकायतें कम हुई हैं. 20 प्रतिशत सिलेंडर न मिलने की



शिकायतें आ रही हैं, उनका तत्काल निराकरण किया जा रहा है. अवकाश के दिन भी एजेंसियों खोली जा रही है.

> होम डिलीवरी बेहतर ढंग से हो रही है. शिकायत मिलने पर प्रशासन सिलेंडर उपलब्ध करा रहा है. कालाबाजारी रोकने के लिए अधिकारियों को जांच के लिए निर्देश दिए गए हैं.
>
> **- कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर**



# जेपी जिला अस्पताल में आभा आईडी बनवाने मरीज परेशान

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 18 मार्च. जेपी जिला अस्पताल में मरीजों को जांच के लिए ब्लड सैंपल देने की घंटों लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है. अस्पताल में इन दिनों जांच करवाने के लिए आभा आईडी मान्य कर दी गई है.**

बता दें ये व्यवस्था मरीजों के लिए सुविधा कम, परेशानी ज्यादा बनती दिख रही है. आलम ये है कि मरीजों को दो-दो घंटों तक लाइन में लगकर आभा आईडी बनवाने का इंतजार करना पड़ रहा है, जिसके बाद ही मरीज जांच के लिए अपना सैंपल दे सकता है. बुधवार को अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज आभा आईडी बनवाने के लिए कतार में खड़े नजर आए. मरीजों ने बताया कि घंटों से लाइन में लगे हुए हैं लेकिन आईडी नहीं बन पायी है.

डॉक्टर द्वारा लिखी गई जांच कराने की पूरी प्रक्रिया कई चरणों में बंटी है और हर चरण में मरीजों को इंतजार करना पड़ रहा है. सबसे पहले मरीज को आभा आईडी बनवाने के लिए लाइन में लगना पड़ता है, जहां एकमात्र कर्मचारी द्वारा नाम, मोबाइल नंबर और अन्य जानकारी दर्ज की जा रही है. इसके बाद मरीज को रजिस्ट्रेशन काउंटर पर जाना होता है, जहां फिर से लाइन लगानी पड़ती है. यहां जांच के लिए पंजीयन किया जाता है. वहीं रजिस्ट्रेशन के बाद भी प्रक्रिया खत्म नहीं होती. बल्कि मरीज को जांच के सैंपल देने के लिए अलग काउंटर पर जाना पड़ता है, जहां फिर इंतजार करना पड़ता है. इस तरह एक साधारण जांच के लिए भी मरीज को तीन अलग-अलग लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है.

### आईडी बनाने को कक्ष में केवल एक ही कर्मचारी मौजूद

अस्पताल में रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज पहुंचते हैं, लेकिन आभा आईडी बनाने को कक्ष में केवल एक ही कर्मचारी मौजूद हैं. डिजिटल सुविधा के नाम पर शुरू की गई आभा आईडी व्यवस्था, मरीजों के लिए अतिरिक्त बोझ बन गई है, जहां मरीज इलाज की उम्मीद लेकर अस्पताल पहुंचते हैं, वहां उन्हें सबसे पहले लंबी लाइन और इंतजार का सामना करना पड़ रहा है.

# शादी का झांसा देकर महिलाओं से दुष्कर्म

**पिपलानी और मिसरोद थाने में केस दर्ज**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 18 मार्च. शहर के दो थाना इलाके में महिलाओं को शादी का झांसा देकर तीन दुष्कर्म के मामले सामने आए हैं. पिपलानी और मिसरोद थाना पुलिस ने मामलों में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.**

पहला मामला मिसरोद थाने का है, जहां 36 वर्षीय पीड़िता ने दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई. पीड़िता ने आरोपी युवक हेमंत किर पर गंभीर आरोप लगाए.



पीड़िता ने पुलिस को बताया कि हेमंत ने उसे शादी का झांसा देकर एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया. अब आरोपी अपनी बात से मुकर रहा है.

दूसरा और तीसरा मामला पिपलानी थाने का है, जहां 20 वर्षीय युवती ने आरोपी आयुष तिवारी पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है. पीड़िता ने बताया कि आयुष ने रिलेशनशिप बनाते हुए शादी का वादा किया. आरोपी बीते एक वर्ष से उसे शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण कर रहा है. पीड़िता के दबाव बनाने पर आयुष अब शादी करने से साफ इंकार कर रहा है. इस तरह 25 वर्षीय युवती ने आरोपी नीरज के खिलाफ मामला दर्ज कराया है. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी बहुत समय से उसके साथ रिलेशनशिप में हैं. आरोपी ने जब पीड़िता से शादी करने से इंकार किया, तो परेशान हो कर वह थाने गई और आपबीती सुनाई. सभी मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. आरोपियों की तलाश में दोनों थानों की पुलिस जुटी है.

# काम नहीं मिलने पर नाबालिग ने किया डंपर चोरी, गिरफ्तार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 18 मार्च. जीआरपी भोपाल ने डंपर चोरी करने वाले नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी से चोरी गया डंपर जब्त किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 15 लाख है.**

नाबालिग ने डंपर मालिक के पास काम मांगने गया था, जब सेठ के काम देने से मना किया तो आरोपी ने रात के समय मौका देखकर उसे चोरी कर ले गया. आरोपी ने यह स्वीकार किया है कि उसे बचपन से ही ट्रक ड्राइवर के साथ रहकर ट्रक चलाना सीखा है. जानकारी के मुताबिक 15 मार्च को रात के समय फरियादी मिराज खान (31) निवासी करोंद ने जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस को बताया कि उनका डंपर रेलवे परिक्षेत्र पश्चिम रेलवे कॉलोनी के निर्माणाधीन साइट से चोरी हो गया.

मामले को गंभीरता से लेते हुए जीआरपी ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला. जीआरपी की कार्रवाई के दौरान सूचना मिली की जेपी नगर कार्बाइड फैक्टरी के पास चोरी गया डंपर खड़ा है. मौके पर पहुंचकर जीआरपी ने डंपर जब्त किया.



# 30 हजार का इनामी गिरफ्तार

**भोपाल, 18 मार्च.** शहर में दो प्राणघातक घटनाओं के 30 हजार के इनामी आरोपी चाकूबाज अमन नेपाली को उसके एक साथी के साथ गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में उपयोग की गई एक लोहे की छुरी जब्त की है. 19 जनवरी फरियादिया नगमा खान (27) निवासी जहागीराबाद ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी. नगमा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अमन नेपाली, फैजान और नोफिल के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की.

### बच्चों पर मानसिक बोझ कम करने सौंपा ज्ञापन

**भोपाल.** निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों पर बढ़ते पढ़ाई के दबाव को कम करने की मांग उठी है. बता दें अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पदाधिकारियों ने कक्षा एक से आठ तक एनसीईआरटी पाठ्यक्रम अनिवार्य रूप से लागू कराने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है. पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की कि सभी निजी स्कूल शासन द्वारा तय अधिकृत पाठ्यक्रम का ही पालन करें. उनका कहना है कि कई स्कूल अतिरिक्त किताबें और पाठ्यक्रम लागू कर बच्चों पर अनावश्यक मानसिक दबाव डाल रहे हैं. इससे बच्चों में तनाव बढ़ रहा है और उन्हें शारीरिक थकान का भी सामना करना पड़ता है.

# संकट में सिविल डिफेंस स्वयंसेवक सुरक्षा कवच

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 18 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि प्राकृतिक आपदाओं या मानव निर्मित दुर्घटनाओं के समय नुकसान को न्यूनतम करना और जनजीवन को शीघ्र सामान्य बनाना अत्यंत महत्वपूर्ण है.**

उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में धैर्य और साहस बनाए रखना जरूरी होता है, वहीं होमगार्ड और सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों की त्वरित प्रतिक्रिया और सेवा भावना समाज के लिए सुरक्षा कवच का कार्य करती है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित होमगार्ड्स परेड




ग्राउंड में आयोजित मध्यप्रदेश सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स कॉन्क्लेव 2026 को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में 82 हजार से अधिक अनुशासित स्वयंसेवकों की सशक्त टीम कार्यरत है, जो आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है.उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में सिविल डिफेंस की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है.

> उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोविड महामारी और आतंकवादी चुनौतियों के बाद देश की आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली और अधिक सुदृढ़ हुई है.कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा बाढ़ बचाव, रबर नाव संचालन, अस्थायी तैरते प्लेटफॉर्म, रस्सी पुल निर्माण, सीपीआर तकनीक तथा हवाई हमले के दौरान बचाव के प्रदर्शन किए गए. इंदौर की महिला स्वयंसेवकों ने आत्मरक्षा कौशल का प्रदर्शन भी किया.प्रतिभागियों को जैकेट वितरित किए गए.

**प्लानिंग** ▸ जिला मूल्यांकन समिति की नई गाइडलाइन को लेकर बैठक आयोजित

# 732 लोकेशन पर 3 से 10% तक बढ़ सकते प्रॉपर्टी के दाम

नवभारत संवाददाता

**भोपाल,18 मार्च. राजधानी में बुधवार को जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित हुई. यहां समिति के अध्यक्ष कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह उपस्थित रहे. पूर्व में हुई बैठक के बाद अचल संपत्ति की कीमतों में वृद्धि की जाने के लिए जनता से सुझाव बुलाए गए और उन पर लेकर चर्चा की गई.**

बैठक में पूर्व से 2 हजार 175 लोकेशन चिन्हित की गई थी, जिन पर दाम बढ़ाये जाने का विचार किया जा रहा था. इनमें नई और पुरानी कॉलोनी भी शामिल




है. इन संपत्तियों पर जिला मूल्यांकन समिति ने दाम बढ़ाने के लिए जनप्रतिनिधियों और आम नागरिक से सुझाव प्रस्ताव दावा आपत्ति बुलाए थे, जिनमें 63 सुझाव के प्रस्ताव अभी तक जिला मूल्यांकन समिति को प्राप्त हुए हैं . समिति की बैठक में शहर की 732 प्राइम लोकशन की संपत्तियों पर दाम बढ़ाने पर विचार किया गया है, जो 3 से लेकर 10 प्रतिशत तक हो सकती है. इस बैठक में समिति के अध्यक्ष के साथ ही विधायक भगवानदास सबनानी, जिला पंजीयक के नगर निगम, टीएनसीपी, हाउसिंग बोर्ड, के साथ अन्य सदस्य भी मौजूद रहे.

**लोकेशन के आधार पर दरें होंगी निर्धारितः** कलेक्टर ने बताया कि जिला मूल्यांकन समिति की बैठक की गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, बिल्डर्स, आम नागरिकों से आए प्रस्तावों पर चर्चा की गई. कई जगह संपत्तियों के दाम स्थिर रखने और भी विसंगति की जानकारी मिली, जिनमें जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर 23 मार्च को अंतिम बैठक में दरें निर्धारित की जाएंगी. शहर में 732 प्राइम लोकेशन चिन्हित की गई हैं, जिन पर लगभग 10 प्रतिशत तक के दाम बढ़ने की संभावना है. यह सभी दरें लोकेशन के आधार पर ही निर्धारित की जाएंगी. उसी आधार पर वृद्धि की जाएगी.

**विधायक ने कहा- कुछ जगहों पर विसंगतियां है दूर की जाएंगीः** दक्षिण पश्चिम से विधायक और समिति के सदस्य भगवानदास सबनानी ने बताया कि नगर निगम सीमा में संपत्तियों के दामों में विसंगतियां देखने को मिली है. जैसे कुछ वार्डों में मुख्य मार्ग और अंदर कॉलोनी की दरें एक समान की गई हैं, जो कि विसंगति है. जबकि मुख्य मार्ग और अंदर कॉलोनी में दो क्रम जितना अंदर हो उतनी कम दर होना चाहिए. इस तरह की विसंगति कई जगह देखने को मिली है.

> **स्टांप ड्यूटी कम किए जाने क्रेडाई ने लिखा पत्र**
>
> जिला पंजीयक मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि बिल्डर एसोसिएशन का संगठन क्रेडाई ने जिला मूल्यांकन समिति को सझाव के तौर पर पत्र लिखा है कि बिल्डर्स द्वारा निर्मिति संपत्ति की पहली बार बेचने पर पूरी स्टांप ड्यूटी ली जाए, लेकिन तीन साल बाद संपति बिके उस पर हर बार स्टांप ड्यूटी कम किए जाने के लिए सुझाव दिया है.

# असलम चमड़ा को सेशन कोर्ट से मिली जमानत

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 18 मार्च. गौमांस तस्करी के आरोपी असलम कुरैशी उर्फ चमड़ा को बुधवार को भोपाल सेशन कोर्ट से जमानत मिल गई.**

कोर्ट में सुनवाई के दौरान असलम के वकील ने हैदराबाद लैब की रिपोर्ट न आने का भी हवाला दिया. दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश



पंकज कुमार जैन की कोर्ट ने 35 हजार रुपए के बांड पर जमानत आदेश पारित किए. मामले में भानू हिंदू ने असलम की जमानत पर आपत्ति लगाई थी.

> असलम को लोअर कोर्ट से राहत नहीं मिलने पर उसके एडवोकेट ने सेशन कोर्ट में जमानत अर्जी लगाई थी. इस मामले में बुधवार को कोर्ट में सुनवाई हुई. 17 दिसंबर को पुलिस मुख्यालय के सामने एक ट्रक पकड़ा गया था, जिसमें 26 टन गौमांस मिलने की जानकारी सामने आई. पुलिस ने गौमांस से भरे ट्रक के ड्राइवर को गिरफ्तार किया था और फिर असलम चमड़ा की गिरफ्तारी की गई थी.